VIJI
Finance Limited

Dated: 8th August, 2020

To, The Secretary, Corporate Relationship Department, **Bombay Stock Exchange Limited** Phiroze Jeejeebhoy Towers, Dalal Street, Mumbai-400001	To The Secretary **The National Stock Exchange Limited** Bandra Kurla Complex Mumbai
To The Secretary **The Calcutta Stock Exchange Limited** 4, Lyons Range, Dalhousie, Murgighata, B B D Bagh, Kolkata, West Bengal 700001	

Sub: Compliance under Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirement) Regulations 2015

Ref: Viji Finance Limited (BSE Scrip Code 537820; NSE Symbol: VIJIFIN ISIN: INE159N01027)

Dear Sir/Madam,

With reference to the above mentioned subject and in terms of Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulation 2015, please find enclosed the public notice published in news papers i.e. free press- Indore & Mumbai edition (in English) and Choutha Sansar (in Hindi) dated 8th August, 2020 regarding notice to shareholders for transfer of equity shares to Investor Education and Protection Fund.

You are requested to please take the same on record.

Thanking you,

For VIJI FINANCE LIMITED

VIJI FINANCE LIMITED

Stutisinha

Stuti Sinha
Company Secretary and Compliance Officer

VIJI FINANCE LIMITED

CIN : L65192MP1994PLC008715
Regd. Off. : 11/2, Usha Ganj, Jaora Compound, Indore - 452001 (M.P)
Tel.: (0731) 4246092 **Email:** info@vijifinance.com **Website:** www.vijifinance.com

NOTICE TO SHAREHOLDERS

TRANSFER OF EQUITY SHARES TO INVESTOR EDUCATION AND PROTECTION FUND

Notice is hereby given that pursuant to the provisions of Section 124(6) of Companies Act,2013 read with Investor Education and Protection Fund Authority (Accounting, Audit, Transfer and Refund) Rules, 2016 as amended from time to time ("IEPF Rules"),notified by the Ministry of Corporate Affairs. The Rules, inter-alia, contains the provisions for transfer of all such share(s) in respect of which dividend(s) has not been paid or claimed by the shareholders for seven consecutive years or more are required to be transferred by the Company in favor of the Investor Education and Protection Fund (IEPF) authority.

Pursuant to the said-rules, the Shareholders who had not claimed the dividend(s) for Seven consecutive years starting from the financial year 2012-13 and whose shares were liable to be transferred to IEPF, are requested to claim the same and the details of Shareholders whose shares were liable to be transferred to IEPF authority have been uploaded on the website of the Company at **www.vijifinance.com.**

Henceforth onwards, if any Dividend declared by the Company onsuch shares shall be credited to IEPF authority. No claim shall lie against the Company in respect of such Dividend on the sharesTransferred to IEPF. The Shareholders may claim the amount of dividend and shares transferred to IEPF authority, by making an application to IEPF authority in form-IEPF-5 as per the rules. The said form is available on the website of the IEPF authority **viz.www.iepf.gov.in.**

Pursuant to the provisions of Rules and keeping in views the relaxation provided by IEPF Authority due to COVID-19 related lock down, vide General Circular No.16/2020 dated April, 13 2020, in case the Company does not received any communication (claiming the unclaimed/ unencashed dividend) from the concerned shareholders on or before 14th August, 2020, the Company shall with view to compliant with the requirements set out in the Rules, dematerialized and transfer the share to IEPF Authority by way of Corporate Action as per procedure stipulated in the Rules, without giving any further notice to the Shareholders and no liability shall lie against the Company in respect of equity shares so transferred.

In case of any queries or any clarification/assistance in this regard, the concerned Shareholders are requested to contact to the Company/Company's Registrar and Transfer Agent i.e. Ankit Consultancy Private Limited at 60, Electronic Complex, Pardeshipura Indore- 452010 (M.P), contact no.: 0731-4065799, 4065797, Email: ankit_4321@yahoo.com.

By order of the Board
For Viji Finance Limited
Sd/-
Stuti Sinha (Company Secretary)
ACS: 42371

Date : 07/08/2020
Place: Indore

VIJI FINANCE LIMITED

CIN : L65192MP1994PLC008715
Regd. Off. : 11/2, Usha Ganj, Jaora Compound, Indore - 452001 (M.P)
Tel.: (0731) 4246092 **Email**: info@vijifinance.com **Website**: www.vijifinance.com

NOTICE TO SHAREHOLDERS
TRANSFER OF EQUITY SHARES TO INVESTOR EDUCATION AND PROTECTION FUND

Notice is hereby given that pursuant to the provisions of Section 124(6) of Companies Act,2013 read with Investor Education and Protection Fund Authority (Accounting, Audit, Transfer and Refund) Rules, 2016 as amended from time to time ("IEPF Rules"),notified by the Ministry of Corporate Affairs. The Rules, inter-alia, contains the provisions for transfer of all such share(s) in respect of which dividend(s) has not been paid or claimed by the shareholders for seven consecutive years or more are required to be transferred by the Company in favor of the Investor Education and Protection Fund (IEPF) authority.

Pursuant to the said-rules, the Shareholders who had not claimed the dividend(s) for Seven consecutive years starting from the financial year 2012-13 and whose shares were liable to be transferred to IEPF, are requested to claim the same and the details of Shareholders whose shares were liable to be transferred to IEPF authority have been uploaded on the website of the Company at **www.vijifinance.com.**

Henceforth onwards, if any Dividend declared by the Company onsuch shares shall be credited to IEPF authority. No claim shall lie against the Company in respect of such Dividend on the sharesTransferred to IEPF. The Shareholders may claim the amount of dividend and shares transferred to IEPF authority, by making an application to IEPF authority in form-IEPF-5 as per the rules. The said form is available on the website of the IEPF authority **viz.www.iepf.gov.in.**

Pursuant to the provisions of Rules and keeping in views the relaxation provided by IEPF Authority due to COVID-19 related lock down, vide General Circular No.16/2020 dated April, 13 2020, in case the Company does not received any communication (claiming the unclaimed/ unencashed dividend) from the concerned shareholders on or before 14th August, 2020, the Company shall with view to compliant with the requirements set out in the Rules, dematerialized and transfer the share to IEPF Authority by way of Corporate Action as per procedure stipulated in the Rules, without giving any further notice to the Shareholders and no liability shall lie against the Company in respect of equity shares so transferred.

In case of any queries or any clarification/assistance in this regard, the concerned Shareholders are requested to contact to the Company/Company's Registrar and Transfer Agent i.e. Ankit Consultancy Private Limited at 60, Electronic Complex, Pardeshipura Indore- 452010 (M.P), contact no.: 0731-4065799, 4065797, Email: ankit_4321@yahoo.com.

By order of the Board
For Viji Finance Limited
Sd/-
Stuti Sinha (Company Secretary)
ACS: 42371

Date : 07/08/2020
Place: Indore

मांधाता विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस की तर्ज पर

अब भाजपा में भी लम्बी हो रही दावेदारों की फेहरिस्त

नारायण पटेल के कांग्रेस विधायक पद से त्याग पत्र देकर भाजपा में शामिल होने से गड़बड़ाए समीकरण

करामत खान - ब्यूरो चीफ

खंडवा। विगत दिनों मांधाता विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक नारायण पटेल द्वारा एकाएक विधायक पद एवं कांग्रेस पार्टी से त्याग पत्र देने के बाद मांधाता क्षेत्र में राजनैतिक समीकरण गड़बड़ा गए हैं। वैसे तो भाजपा एक अनुशासित पार्टी, किंतु उम्मीदवारी मांगने का तो सभी को अधिकारी है। ऐसी स्थिति में अब मांधाता क्षेत्र में भी भाजपा से उम्मीदवारों की फेहरिस्त लंबी होती जा रही है।

सबसे पहले नंबर कांग्रेस से त्याग पत्र देकर भाजपा में शामिल हुए लोकप्रिय पूर्व विधायक नारायण पटेल की उम्मीदवारी सबसे ज्यादा मजबूत दिखाई दे रही है। लोगों का मानना है कि जब उन्होंने विधायक पद ही छोड़कर भाजपा ज्वाइन की तो सबसे पहला अधिकार उम्मीदवारी मांगनने का उनका ही होगा, और उन्होंने मप्र के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान से अपने क्षेत्र की करीब दस मांगों को स्वीकृति प्रदान करवा दी, जिससे क्षेत्र की जनता भी उनका पूर्ण समर्थन कर सकती है। हालांकि कुछ कांग्रेसी उनसे जरूर नाराज हैं, लेकिन उससे क्या फर्क पड़? वाला है, वो तो अब भाजपा परिवार में शामिल हो चुके हैं। हालांकि श्री पटेल की तरफ से अभी ऐसी कोई खबर नहीं आई है कि वे उम्मीदवारी मांग रहे हैं। खैर

अब दूसरे नंबर पर मांधाता विधानसभा क्षेत्र के सबसे मजबूत उम्मीदवार के रूप में केहलारी निवारी नरेन्द्रसिंह तोमर के नाम की चर्चा पूरे क्षेत्र में हो रही है, वे भी पिछला विधानसभा चुनाव मात्र बारह सौ वोटों से हारे थे, जबकि ये खंडवा सांसद नंदकुमारसिंह चौहान के सबसे ज्यादा करीबी माने जाते हैं एवं क्षेत्र में भी जीवंत संपर्क है, ऐसे में मांधाता क्षेत्र में उम्मीदवारी के प्रबल दावेदार हो सकते हैं। इनके बाद तीसरे नंबर पर मूंदी नगर परिषद में दो कार्यकाल तक अध्यक्ष रहे व पिछड़ा वर्ग का प्रतिनिधित्व करने वाले युवा व मिलनसार भाजपा नेता संतोष राठौर के नाम की चर्चाएं क्षेत्र में जोरो पर है, उनकी तो अल्पसंख्यक वर्ग में भी जबजस्त पकड़ है। धार्मिक एवं सामाजिक कार्यो में सदा सबसे आगे रहते है एवं मीडिया पर भी इनकी अच्छी पकड़ है, राष्ट्रीय नेताओं में नंदू भैया सहित राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय तक इनके मधुर संबंध है, क्षेत्र में भी काफी समय से सक्रिय है। ऐसे में यदि इनकी उम्मीदवारी तय हो जाती है तो ये आवश्यक ही इस बार मांधाता क्षेत्र में भाजपा का परचम लहराने की कूवत रखते हैं।

इसके बाद चौथे नंबर पर रिछफल निवासी पूर्व विधायक स्वर्गीय लोकेंद्र सिंह तोमर के पुत्र व क्षेत्र से चार बार विधायक राणा रघुराज सिंह के पौत्र एवं युवा नेता विजय बहादुर सिंह के नाम की भी क्षेत्र में काफी चचाएं हैं। चूंकि स्वर्गीय लोकेंद्र सिंह ने इस क्षेत्र में विकास की गंगा बहा दी थी। लोगों ने उनका नाम ही विकास पुरुष रख दिया था। तो लोगों की सोच है कि पिता की तरहपुत्र विजय बहादुर सिंह की मांधाता की जनता के विश्वास पर खरे उतर सकते हैं। हालांकि विजय बहादुर सिंह का स्वयं का कहना है कि उम्मीदवारी का फैसला तो संगठन को ही करना है हमने जनसंपर्क अवश्यक चालू कर दिया है लेकिन इसका उद्देश्य क्षेत्र में भाजपा को मजबूत करना है। ऐसे में यदि हमें उम्मीदवारी मिलती है तो हम संगठन के निर्णय पर खरे उतरने का प्रयास करेंगे। इसके बाद पांचवें नंबर पर क्षेत्र में युवा नेता व गुर्जरखेड़ी निवासी दिग्विजय सिंह तोमर उर्फ सन्टू दादा के नाम की भी उम्मीदवारी को लेकर खूब चचाएं सुनाई दे रही है। यह ऐसी शख्सियत है कि यह राजपूत वोटों का ध्रुवीकरण कर सकते हैं जबकि गुर्जर मतदाताओं पर भी इनकी मजबूत पकड़ है। आए दिन लोगों की मदद करने को लेकर यह क्षेत्र में दादा दयालु के नाम से भी जाने जाते हैं। वर्तमान में यह भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष हैं और कई राजनीतिक पदों पर रह चुके हैं। प्रत्येक ग्राम में उनके युवा समर्थक मौजूद है। उनका कहना है कि पूर्व में भी उम्मीदवारी मांग सकता था किंतु जब मेरे बड़े भाई व राजनैतिक गुरू लोकेन्द्र दादा मौजूद थे तो उनके सामने उम्मीदवारी मांगने का प्रश्न नहीं उठता। अब चूंकि वे इस दुनिया को अलविदा कह गए हैं, उनकी अनुपस्थिति में क्षेत्र के विकास के लिए मैंने यह कदम उठाया है। इसके बाद भी संगठन जो फैसला लेगा उसका सम्मान करना मेरा कर्तव्य है जिसे भी उम्मीदवारी मिलेगी मैं पूरी निष्ठा से उसके साथ खड़ा रहूंगा। अब छटवें नंबर पर एकदम चेहरे के रूप में खंडवा सांसद के पुत्र युवा नेता हर्षवर्धनसिंह चौहान के नाम की भी चचाएं क्षेत्र में चल रही है। हालांकि वे उम्मीदवारी की लाइन में है या नहीं यह कहा जाना मुश्किल है।

सातवें नंबर पर क्षेत्र में पिछड़े वर्ग का प्रतिनिधित्व करने वाले युवा नेता व्यवसाई व कृषक सखाराम यादव के नाम की गूंज भी इस बार काफी सुनाई दे रही है। ये युवा है और इनके पास युवाओं का एक बहुत बड़ा नेटवर्क है। खास बात यह है कि यह क्षेत्रीय सांसद नंदू भैया के काफी करीबी माने जाते हैं एवं गवली समाज में अच्छी खासी पैठ है। यदि यह उम्मीदवारी करेंगे तो चुनाव को रोचक बना सकते हैं। श्री यादव सामाजिक व आर्थिक तौर पर भी मजबूत हैं, ऐसी स्थिति में यह मजबूत दावेदारी प्रस्तुत कर सकते हैं। अब आठवें नंबर पर मांधाता क्षेत्र में खंडवा सांसद के सांसद प्रतिनिधि गोविंद सिंह तोमर का नाम आता है जो क्षेत्र में अपना अच्छा खासा वजूद रखते हैं एवं नंदू भैया के विश्वासपात्र हैं, ऐसे में इनके द्वारा उम्मीदवारी की जाएगी तो कोई आश्चर्य नहीं होगा। मांधाता क्षेत्र में भाजपा से अधिक दावेदार तो जरूर है लेकिन भाजपा अनुशासित पार्टी है इसलिए सभी उम्मीदवार संगठन के आदेश का इंतजार कर रहे हैं। समय आने पर ही स्थिति स्पष्ट होगी।

खंडवा के लिए मिसाल बना एक निकाह

खंडवा, (निप्र)। शहर में हुई एक शादी ने मिसाल कायम की। इस शादी में एक रूपए भी खर्च नहीं किया गया। आज के दौर में महँगी होती जा रही शादियों और उनमें की जा रही फिजूल खर्ची को रोकने के लिए किसी सबक से कम नहीं, बशर्ते कि इस पहल को हर कोई अमल में लाने की कोशिश करे। यकीनन मुस्तकबिल के इसके बेहतर नताइज हम सभी के सामने होंगे।

बुरहानपुर शाही जामा मस्जिद के पेश इमाम जनाब सैय्यद इकराम उल्लाह बुखारी साहब ने खण्डवा में अपने साहबजादे का निकाह जनाब इमरान काजी साहब, खण्डवा की साहबजादी के साथ किया। मदरसा काजीयान, परदेशीपुरा में हुए इस निकाह की खासियत यह रही कि दूल्हे वालों ने अपनी और से दिए गए सिर्फ एक जोड़े में दुल्हन को कुबूल किया। न तो लड़की वालों को बारातियों के लिए चाय, ठंडे का कोई इंतजाम करने दिया न निकाह के बाद खाने का कोई एहतेमाम था। जनाब इकराम उल्लाह साहब ने अपनी तकदीर में दुल्हन के वालिद से बार-बार दरयाफ्त किया कि अगर आपका इस शादी में पाँच पैसा भी खर्च हुआ हो तो हमें बता दें ताकि हम निकाह के पहले अदा कर दें। उन्होंने यह भी कहा कि मेरी दिली तमन्ना थी कि मैं अपने फरजन्द की शादी में सैय्यदना हजरत अली करम अल्लाह की सुन्नत को अदा करूँ जिसमें मैं आज कामयाब हो गया, निकाह होते ही आधे घण्टे के अंदर दुल्हन विदा हो गई और सभी बाराती फौरन बुरहानपुर के लिए रवाना हो गए।

बुरहानपुर के शाही इमाम जनाब सैय्यद इकराम उल्लाह साहब की कोशिशों से ऐसा माहौल तैयार हुआ है जो अपने आपमें खुद एक मिसाल है। बारात में बैंड बाजा और नाच गाने की बिल्कुल मनाही है, अगर जरा भी कोताही बरती गई तो कोई भी काजी साहब उस दूल्हा/दुल्हन का निकाह नहीं पढ़ा सकते। इस कायदे को बुरहानपुर के हर फर्द ने कुबूल किया, जिस वजह से आज एक बेहतर माहौल तैयार हुआ। काजी साहब ने आज फिर खण्डवा में एक मिसाल कायम की। जरुरत है इस पहल को आगे तक ले जाएं। शाही इमाम जनाब इकराम उल्लाह हजरत के भाई जनाब सैय्यद तलत तमजीद बुखारी साहब (बाबा मियाँ) शाही जामा मस्जिद के मुतवल्ली और मध्यप्रदेश हज वेलफेयर सोसायटी के सरपरस्त हैं। इस मुताल्लिक आपकी कोशिशें भी मआशरे में तब्दीली लाने में कामयाब साबित हो रही हैं जजाक अल्लाहु खैर।

7 कोरोना विजेता कोविड वार्ड से डिस्चार्ज

खंडवा, (निप्र)। शुक्रवार को 7 कोरोना संक्रमित मरीजों को संक्रमण मुक्त होने पर जिला अस्पताल के कोविड केयर सेंटर से डिस्चार्ज किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डी. एस. चौहान ने बताया कि जिन 7 कोरोना विजेताओं को डिस्चार्ज किया गया है, उनमें भूपेन्द्र सिंह चौहान निवासी रणगांव, शेख सत्तार निवासी बोरगांव बुजुर्ग, जायदा बी निवासी बोरगांव बुजुर्ग, शाह नवाज अली निवासी नागचून रोड, प्रियंका धुर्वे निवासी सुदामापुरी, अर्चना निवासी मोहनपुर, अथर्व सिंह निवासी प्रभु प्रेमपुरा शामिल है। डिस्चार्ज किए गए सभी कोरोना विजेताओं को अभी कुछ दिन होम क्वारेंटीन रहने की सलाह दी गई है।

बुरहानपुर के संक्षिप्त समाचार

1) कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट ने मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से वार्ड क्र-40 गुरूनानक वार्ड बुरहानपुर निवासी श्रीमती रेखा पति श्री विजय कुमार के उपचार के लिए 25 हजार रुपए स्वीकृत किये है।

2) जिले में पूर्व घोषित कंटेनमेंट एरिया वार्ड क्र-4 ग्राम बख्खारी ग्राम पंचायत बख्खारी जनपद पंचायत बुरहानपुर कंटेनमेंट एरिया में कोई भी मरीज पॉजिटीव नहीं पाये जाने पर अनुशंसा उपरांत तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाता है।

3) बिना मास्क के व्यक्तियों पर की चालानी कार्यवाही करते हुए 7 हजार 100 रुपये की राशि वसूल की गई। जिन लोगों द्वारा मास्क नही पहना गया था उन्हें हाहामैं कोरोना का दोस्त और बुरहानपुर शहर का दुश्मन हूँहाहा की तख्ती पकड़ाकर फोटो शूट किया गया एवं मास्क

विधायक ने किया विभिन्न स्थलों का निरीक्षण

10 लाख की लागत से बनेगा किशोर मुक्तिधाम पहुंच मार्ग

खंडवा, (निप्र)। शहर की विकास योजनाओं के क्रियान्वयन की मौके पर समीक्षा के लिए आज खंडवा विधायक देवेंद्र वर्मा ने स्वर्गीय किशोर कुमार श्मशान घाट नवकार नगर से सिंगार तलाई को जोड? के लिए बनाए जाने वाली सड़क के प्रस्तावित स्थल और इंदिरा चौक के कायाकल्प कार्य को आरंभ किए जाने के संबंध में निरीक्षण कर निगम अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की इंदौर रोड स्थित श्री हनुमान जी के मंदिर के समीप गुनीना के समीप की भूमि पर उद्यान विकसित कर पौधारोपण करने का निर्णय लिया गया ।

निगमायुक्त हिमांशु भट्ट ने बताया कि स्वर्गीय किशोर कुमार मुक्तिधाम के पहुंच मार्ग को किशोर स्मारक से पृथक कर ट्रांसपोर्ट नगर के समीप से नई सड़क बनाकर जोड़ा जाएगा नगर निगम ने इसके लिए 10 लाख रुपए का प्राक्कलन तैयार किया है । इस कार्य के लिए राजस्व नजूल के अधिकारियों को बुलाकर भी विस्तृत चर्चा की गई ।

इंदौर रोड श्री हनुमान मंदिर के समीप गुनीना फर्नीचर के बगल में रिक्त भूखंड पर उद्यान विकसित कर वहां पौधारोपण करने और चौपाटी बनाने के लिए कार्य योजना तैयार करने के निर्देश सहायक यंत्री एच.आर.पांडे को दिए गए। नवकार नगर से सिंघाड़ तलाई को जोड? के लिए बनाई जाने वाली सड़क के प्रस्तावित स्थल का भी विधायक ने निरीक्षण किया जसवादी रोड स्थित इंदिरा चौक का कायाकल्प कर वहां पर सड़क बनाकर सार्वजनिक शौचालय निर्माण और चौराहे के सुंदरीकरण के संबंध में भी निरीक्षण के दौरान चर्चा की गई ।

पूर्व मंत्री चिटनिस ने किया छड़ी पूजन



बुरहानपुर। नगर में वाल्मिकी समाज के आराध्य देव श्री गोगादेव चैहान एवं भगवान गोरखनाथ जी के मंदिरों एवं छड़ियों के पूज्य स्थानों पर जाकर पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस (दीदी) ने पूजा-अर्चना की। इस दौरान शासन की गाईड लाइन अनुसार सोशल डिस्टेंश का पालन किया गया। चिटनिस ने नगर के शनवारा, दौलतपुरा, महाजनपेठ, सिलमपुरा, खैराती बाजार सहित अनेक स्थानों पर मंदिरों एवं छड़ियों के पूज्य स्थानों पर जाकर पूजा-अर्चना की और समाजजनों से मुलाकात की।

राष्ट्रीय पत्रकार शिरोमणि सम्मान 2020 की घोषणा

हरदा, (निप्र)। सम्पूर्ण भारत वर्ष में पत्रकारिता की अस्मिता को जिंदा रखने वाले क्रांतिकारी पत्रकारो को उनके अदम्य साहस , समर्पण और पत्रकारिता के क्षेत्र में बहुमूल्य योगदान देने के फलस्वरूप प्रेस कौंसिल ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट ज्यूरी की सहमति के बाद चयनित पत्रकारो को सम्मान किया जायेगा हरदा जिले से दैनिक चौथासंसार एवं पब्लिक लुक स्थानीय संपादक मुईन अख्तर खान को पत्रकार साथियो ने बधाई दी प्रेस कौंसिल ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट व्दारा चयनित पत्रकारों का होगा सम्मान....नईदिल्ली । सम्पूर्ण भारत वर्ष मे पत्रकारिता की अस्मिता को जिंदा रखने वाले क्रांतिकारी पत्रकारो को उनके अदम्य साहस, समर्पण और पत्रकारिता के क्षेत्र में बहुमूल्य योगदान देने के फलस्वरुप प्रेस कौंसिल ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट ज्यूरी की सहमति के बाद चयनित पत्रकारो का सम्मान किया जायेगा। प्राप्त अनुसार इस वर्ष का राष्ट्रीय स्तर का सर्वश्रेष्ठ नारद सम्मान 2020 के लिये 25 वर्षो से अधिक समय देने वाले वरिष्ठ पत्रकार श्रीयुत रविंद्र व्यास वरिष्ठतम पत्रकार (छतरपुर मध्यप्रदेश), श्री एसएम आसिफ वरिष्ट पत्रकार एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष आल इंडिया माइनोरिटी फोरम दिल्ली (दिल्ली भारत),श्री जहूर अहमद चौहान पंजाब केसरी संवाददाता (मालेरकोटला पंजाब),श्री मनोज दुबे वरिष्ट पत्रकार एवं ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट (पचमढ़ी होशंगाबाद मप्र),श्री हेमंत पाल वरिष्ट पत्रकार (इन्दौर मप्र) को चुना गया है।इसी प्रकार अमर शहीद वरिष्ठ महिला पत्रकार गौरी लंकेश की याद में आरंभ किया गया पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिला पत्रकार को मिलने वाला राष्ट्रीय सम्मान गौरी लंकेश स्मृति सम्मान 2020-श्रीमती विजया पाठक वरिष्ठ पत्रकार एवं निदेशक जगत पाठक पत्रकारिता संस्थान (भोपाल मप्र),-सुश्री शहनाज मलेक पत्रकार (गुजरात),

-श्रीमती एकता शर्मा पत्रकार एवं अभिभाषक (इंदौर मप्र), -श्रीमती सरोज जोशी पत्रकार (दिल्ली) को दिया जाएगा। पत्रकारिता के क्षेत्र में 25 वर्षो का समय देने वाले क्रांतिकारी निष्पक्ष पत्रकारो को दिया जाने वाला राष्ट्रीय सम्मान पत्रकार शिरोमणि सम्मान 2020-श्री शकील नियाजी पत्रकार (पिपरिया होशंगाबाद मप्र),-श्री खालिद हफीज पत्रकार एवं अभिभाषक (भोपाल मप्र)-श्री मुईन अख्तर खान पत्रकार (हरदा मप्र),-श्री सैयद रिजवान अली पत्रकार (बाकानेर धार मप्र),-श्री हाजी मुईन खान पत्रकार एवं हाई कोर्ट मध्यप्रदेश अधिवक्ता (जबलपुर मप्र),-श्री मुरली खंडेलवाल पत्रकार (इन्दौर मप्र),-श्री रफी मोहम्मद शेख पत्रकार (इंदौर मप्र) को दिया जाएगा।युवा क्रांतिकारी पत्रकारो को उनके अदम्य सहयोग के फलस्वरुप पत्रकार गौरव सम्मान 2020 दिया जाएगा जिसके लिये चयनित नाम है:1-श्री मोहम्मद अहमद संपादक वतन समाचार (दिल्ली)2- श्रीमति डॉक्टर रीमा ईरानी पत्रकार एवं लेखिका (दिल्ली) डॉक्टर सीमा रामपुरिया पत्रकार (इंदौर मप्र),श्रीमती डॉक्टर आभा सेन पत्रकार (भोपाल मप्र) श्री डॉ जाकिर शेख पत्रकार (बैतूल म प्र)श्रीमती सौदामिनी गुप्ता पत्रकार (रीवा मप्र)श्री पंडू भाई चौधरी पत्रकार (डिसा गुजरात)श्री जगदीश भाई पत्रकार (आनंद गुजरात)श्री नसरुद्दीन राठौड़(आनंद गुजरात)10-जितुभाई परमार पत्रकार (डिसा गुजरात) इसके अलावा ज्यूरी एवं संगठन की सर्वसम्मति से स्व विवेक से नवीन क्रांतिकारी प्रतिभाओ को जो अपनी कलम से समाज और देश में नव चेतना जागृत कर रहे है उनके लिये राष्ट्रीय सम्मान युवा गौरव सम्मान 2020 दिया जाएगा।-सुश्री विजय लक्ष्मी पत्रकार (पटना)-सुश्री अंजलि सिंह ज्यगरिमा पत्रकार एवं समाजसेवी (लखनऊ उप्र), -श्री आबिद हुसैन पत्रकार (हापुड उप्र)-सुश्री साक्षी मगरे पत्रकार (उज्जैन मप्र),श्री अबरार अहमद खान पत्रकार हज्जूज (भोपाल मप्र),-श्री शैलेंद्र पांचाल पत्रकार (देवास मप्र),-सुश्री अमृत कौर जट पत्रकार (हरदा मप्र), -श्री दुष्यंत पंचोली पत्रकार (राजगढ़ मप्र)श्री खेमराज चौरसिया (छतरपुर मप्र) -श्री घनश्याम पाटीदार (धार मप्र)को दिया जाएगा।प्रेस कौंसिल ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट द्वारा दिए जाने वाले वह सभी सम्मान स्वतन्त्रता दिवस के उपलक्ष में दिए जाएंगे।

ठा. शिवकुमारसिंह मेमोरियल फार्मेसी कॉलेज में विद्यार्थियों का उज्ज्वल भविष्य एवं रोजगार

बुरहानपुर। झीरी स्थित बुरहानपुर जिले का फॉमेर्सी क्षेत्र मे एकमात्र महाविद्यालय ठा. षिवकुमारसिंह मेमोरियल फॉमेर्सी कॉलेज अल्प समय मे ही जिले ही नही बल्कि सम्पूर्ण निमाड क्षेत्र मे अलग पहचान बना चुका है। अपनी उच्च गुणवत्ता षिक्षा एवं रोजगारन्मुखी कोर्सेस के कारण कॉलेज आज जिले के विद्याथीयो की पहली पसंद बन चुका है। संस्था के साथ-साथ क्षेत्र के अन्य विद्याथीयो का भी सवार्गीण विकास हो इस उद्देष्य से महाविद्यालय मे लॉकडाउन के दौरान ऑनलाईन मोड से विभिन्न गतिविधियॉ कराई गई।

इस श्रैणी मे 10 मई को रेग्युलेटरी गाइडलाईन फॉर क्लिनिकल ट्रायल एंड इट्सस्कोप विषय पर वेबइनार का आयोजन किया गया जिसके मुख्य वक्ता आनंद राठी, सहायक प्रबंधक आर्डेन्ट क्लिनिकल रिसर्च, पुणे थे। तत्पष्चात 17 मई को सचिन डोईफोडे के मुख्य सानिध्य मे करन्ट ट्रेडर्स रिसर्च एंड स्कोप इन फामाकोविजलेन्स विषय पर वेबइनार का आयोजन किया गया। विद्याथीयो की ज्ञान पिपासा एवं कॉलेज के प्रति उनके आत्मविष्वास को देखते हुये 24 मई को निलेष काटकर, मेनेजर क्वालिटी एष्युरेन्स, इन्टास फार्मा अहमदाबाद की अध्यक्षता मे फार्मास्युटिकल क्वालिटी मेनेजमेन्ट सिस्टम विषय पर आनलाईन सेमीनार आयोजन किया गया। माह के अंत मे सुरेन्द्र दुरुगकर हेड टेक्नोलॉजी ट्रान्सफर एंड लाइफ साइकल मेनेजमेन्ट रुबीकॉन, रिसर्च प्रा. लि. मुम्बई से ऑनलाईन माध्यम से फामेर्सी के जटील विषयो पर चर्चा की गई। फामेर्सी महाविद्यालय विद्याथीयो को वास्तविक जगत की चुनौतियो से निपटने एवं उनमे आत्मविष्वास भरने तथा उन्हे आत्मनिर्भर बनाने हेतु समय-समय पर औद्योगिक इकाईयो के भ्रमण का आयोजन किया जाता है। इस श्रेणी मे विगत वर्ष संस्था के विद्याथीयो द्वारा फार्मा एषिया ड्रग इन्दौर आइ. डी. सी. ए. लेबोरेटरीस इंन्दौर अजन्ता फार्मा औरंगाबाद जैसी देष की जानी मानी औषधी विनिमार्णी इकाईयो का भ्रमण किया गया। आज पुरी दुनिया कोरोना की महामारी से जुझ रही है। दुनिया भर की कंम्पनीयॉ भी वैक्सीन बनाने मे जुटी हुई है। फार्मस्युटिकल के क्षेत्र मे ही नई-नई दवाईयो की खोज और डेवलपमेन्ट संबंधी कार्य किये जाते है। फामेर्सी ग्रेज्युऐटस को हॉस्पिटल या रिटेल मे फार्मसिस्ट के तौर पर रोजगार मिल जाता है, जो युवा फामेर्सी मे डिप्लोमा करते है वह मेडीकल स्टोर्स या हॉस्पिटल मे रिटेल केमिस्ट या सेल्स रिप्रजेंटेटीव के तोर पर काम कर सकते है।